CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 178 ▫ रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### महापंचायत के लिए किसानों का दिल्ली कूच, शंभू बॉर्डर सील, पटेर बोले- हम बातचीत चाहते हैं

**नई दिल्ली, 21 जुलाई (न्यूज चैनल)।** केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में किसान संगठनों ने अपना रुख सख्त कर लिया है। भारतीय किसान यूनियन एकता आजाद दिल्ली कूच आंदोलन के तहत हाईवे तक पहुंच गया है। भारतीय किसान यूनियन एकता (आजाद) के नेतृत्व में संगरूर इलाके के सैकड़ों किसानों ने खनौरी के समीप दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे पर पहुंचकर कब्जा जमा लिया और सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। किसान आंदोलन के दिल्ली कूच और एक्सप्रेसवे जाम की भनक लगते ही पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने एहतियात के तौर पर पहले ही दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के इस हिस्से को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और झंडे लेकर मौके पर पहुंचे और नारेबाजी शुरू कर दी। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकारें तानाशाही रवैया अपनाकर जायज मांगों को उठाने वाले छात्रों, मजदूरों और किसानों की आवाज को पुलिस बल के दम पर दबाना चाहती हैं। सरकारें ऐसे फैसले ले रही हैं जो सिर्फ किसानी ही नहीं, बल्कि पूरी आम जनता के लिए बेहद खतरनाक हैं। इन जनविरोधी नीतियों को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने देंगे।

### किन्नर की गला दबाकर हत्या, सड़क किनारे फेंकी लाश, इलाके में फैली सनसनी

**बिलासपुर, 21 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जिले के सकरी थाना क्षेत्र के जोंकी गांव में एक किन्नर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक की पहचान तनु खान



किन्नर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किन्नर की पहले मारपीट की गई और उसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को सड़क किनारे फेंकने की बात सामने आई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हत्या का आरोप साथी किन्नरों पर लगाया जा रहा है। हालांकि हत्या की वास्तविक वजह और घटना में शामिल आरोपियों का पता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। सूचना मिलने पर सकरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही हत्या से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।




चूहा- सुनती हो, कल दिल्ली में 14 साल बाद बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला।

चुहिया- हां जी, छात्रों, किसानों का प्रदर्शन बड़ा ही होता है..!

## एनडीए की बैठक में पीएम मोदी-

# हम छात्रों के साथ हैं, नीट पेपर लीक पर सख्त सजा देने की कही बात



**नई दिल्ली, 21 जुलाई (न्यूज चैनल)।** संसद के मानसून सत्र के बीच मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक 'मंगल मिलन' संसद पुस्तकालय भवन के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी प्रमुख दलों के सांसद और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस बैठक के दौरान संसद के मानसून सत्र की रणनीति, सरकार के विधायी एजेंडे और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही एनडीए के सभी सहयोगी दलों के बीच बेहतर समन्वय और सदन में एकजुट होकर सरकार का पक्ष रखने पर भी जोर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सरकार ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बैठक के बाद यह जानकारी दी। रिजिजू के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने कहा कि नीट पुनर्परीक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, इसलिए बिना किसी देरी के परिणाम घोषित किए गए। प्रधानमंत्री ने बैठक में यह भी बताया कि पेपर लीक की घटना सामने आते ही सरकार ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल लोगों को जेल भेजा गया है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है।

किरेन रिजिजू के अनुसार, प्रधानमंत्री ने विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का भी उल्लेख किया। उन्होंने सांसदों को भरोसा दिलाया कि किसी भी एफटीए में किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता किसानों का कल्याण है और हर व्यापार समझौता देश और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर किया जाएगा।

किरेन रिजिजू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कथित नीट-यूजी 2026 पेपर लीक को लेकर सीजेपी का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। सोमवार को पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। वहीं, संसद की ओर निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शन हिंसक हो गया था। किरेन रिजिजू ने कहा कि एनडीए संसदीय दल की बैठक काफी उपयोगी रही। प्रधानमंत्री ने सांसदों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया और पिछले कुछ महीनों में देश की उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि बैठक में हाल ही में राज्यसभा पहुंचे नए सांसदों, जिनमें नितिन नवीन भी शामिल हैं, का स्वागत किया गया।

### राहुल गांधी ने कहा, कल जो हुआ उसके लिए पीएम माफी मांगे

संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष



पेपर लीक और सीजेपी के प्रदर्शन पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। बाद में दोनों सदनों की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर ली गई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीजेपी के नेतृत्व में निकाले गए छात्रों के विरोध मार्च के दौरान पुलिस कार्रवाई पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया। राहुल गांधी ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मुलाकात की और सदन में छात्रों पर हुई बर्बरता पर चर्चा कराने की मांग की। राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा, कल जो हुआ, मोदी जी ने उसके लिए अब तक माफी तक नहीं मांगी है। देश के युवा शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरा देश जानता है कि शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला कर दिया गया है। प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं? उन्हें छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और छात्रों की पिटाई का यह बकवास बंद करना चाहिए।

**इंडिया ब्लॉक की बैठक में खरगे बोले- 'लोकतंत्र की जननी' बच्चों पर लाठी नहीं चलाती:** इंडिया ब्लॉक के नेता मंगलवार सुबह नई दिल्ली स्थित संसद भवन में एक अहम रणनीति बैठक हुए। ताकि वे अपने संयुक्त दृष्टिकोण का समन्वय कर सकें। इसके साथ ही मानसून सत्र की कार्यवाही से पहले सदन में अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे सकें। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के समन्वय को तेज करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और सपा, वामपंथी और शिवसेना जैसी सहयोगी पार्टियों के सदस्यों सहित इंडिया ब्लॉक के प्रमुख नेताओं ने संसद भवन के अंदर लोकसभा अध्यक्ष के साथ एक औपचारिक बैठक की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कार्रवाई पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए घोषणा की।

### हाईकोर्ट से कंप्यूटर ऑपरेटरों को राहत सेवा समाप्ति और बकाया वेतन पर 6 हफ्ते में निर्णय लेने के निर्देश



**बिलासपुर, 21 जुलाई (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने राज्य के 11 नगरीय निकायों में लगभग 10 वर्षों से कार्यरत कंप्यूटर आपरेटरों को राहत दी है। कोर्ट ने उनकी सेवा समाप्ति और कई महीनों से लंबित वेतन के मामले में केंद्र सरकार और राज्य शहरी विकास अभिकरण को 6 सप्ताह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कर्मचारियों को नया विस्तृत अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अनुमति देते हुए कहा कि संबंधित सक्षम अधिकारी कानून के अनुरूप मेरिट के आधार पर उस पर विचार कर तर्कसंगत आदेश पारित करें। जस्टिस बिभु दत्त गुरु की एकल पीठ ने अमित कुमार वर्मा सहित 11 कंप्यूटर आपरेटरों द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता अमित कुमार वर्मा (भिलाई चरौदा), भूपेंद्र गौतम (दुर्ग), गेंद कुमार विश्वकर्मा (बलौदाबाजार), हेमंत कुमार सरवन (जगदलपुर), झुमुक लाल सोनकर (धमतरी), कुवेन्द्र ध्रुव (गरियाबंद), मनीष कुमार राजवाड़े (बैकुंठपुर), पुरुषोत्तम श्रीवास (महासमुंद), रोहित कुमार अनंत (कवर्धा), सरिता बैस (भिलाई चरौदा) और सरिता साहू (कांकेर) विभिन्न नगरीय निकायों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पिछले लगभग 10 वर्षों से कंप्यूटर आपरेटर के रूप में निरंतर सेवाएं दे रहे थे। याचिका में कहा गया कि विभाग ने अक्टूबर 2025 से अप्रैल 2026 तक का वेतन-मानदेय जारी नहीं किया, जबकि 7 अप्रैल 2026 को अचानक उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कर्मचारियों ने सेवा समाप्ति आदेश निरस्त करने, बकाया वेतन के भुगतान, सेवा बहाली तथा उनकी जगह नए आउटसोर्स या संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिए कि कर्मचारियों ने लगभग 10 वर्षों तक लगातार सेवाएं दी हैं, फिर भी बिना उचित कारण उनके सात माह का वेतन रोक दिया गया और सेवा समाप्त कर दी गई, जो पूरी तरह मनमाना है।

## फर्जी स्नेक बाइट मुआवजा घोटाला

# अब तक डॉक्टर, पुलिसकर्मी और तहसील कर्मचारियों समेत 19 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, 21 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में फर्जी स्नेक बाइट मुआवजा घोटाले में पुलिस की जांच में लगातार बड़े खुलासे हो रहे हैं. अब तक डॉक्टर, पुलिसकर्मी और तहसील कर्मचारियों समेत 19 आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी है. इस घोटाले की जांच में हीरा खांडे गिरोह का नाम सामने आया है. गिरोह को सूचना पहुंचाने वाले सिम्स पुलिस चौकी पदस्थ आरक्षक रामकुमार पाटनवार और रामेश्वर भास्कर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सिम्स अस्पताल से तहसील तक फैले नेटवर्क में खुलासे का सिलसिला जारी हैं. अस्पताल में शव पहुंचने के बाद गिरोह में शामिल पुलिसकर्मी गिरोह के सदस्य महेंद्र मनहर को सूचना देते थे. इसके बाद गिरोह का सगरना और उसके अन्य सहयोगी सक्रिय हो जाते थे. वह परिजनों को पैसों और सरकार मुआवजे का झांसा देकर मौत को सर्पदंश बताने के लिए तैयार करते थे. सामान्य बीमारी, कैंसर, आत्महत्या और दूसरी वजहों से हुई मौतों को कागजों में सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गई. इसके बाद सरकार से मिलने वाली आपदा राशि का कुछ हिस्सा मृतकों के परिवार में बांट दी जाती थी।

साल 2025 में बिल्हा थाना क्षेत्र में जहर खाने से हुई एक मौत को स्नेक बाइट बताकर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करने का पहला मामला सामने आया था. उस मामले में भी डॉ. प्रियंका सोनी, मृतक के परिजन और एक वकील को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। स्नेक बाइट के फर्जी मामले में एसडीएम कार्यालय के बाबू नरेंद्र कौशिक, गरीब राम बिंझवार और तहसीलदार कार्यालय के क्लर्क हरिशंकर राठौर भी शामिल पाए गए हैं. पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया है।

### ये आरोपी हो चुके है गिरफ्तार

महेंद्र कुमार मनहर, निवासी आशुतोष विहार, अशोक नगर, गोविंद विश्वकर्मा, निवासी दयालबंद, हीरा प्रसाद खाण्डेकर, निवासी आकाश विहार कॉलोनी, कुश कुमार गुप्ता, निवासी महाबीर सिटी, राजकिशोर नगर, भगत सिंह ठाकुर, मेन रोड बड़ी कोनी, शंकू सिंह ठाकुर, निवासी देव नगर कोनी, धर्मेन्द्र यादव, विजय जांगड़े, आकाश कुमार साहू, केशव कुमार कश्यप, कामता साहू (अधिवक्ता), शिव कुमारी यादव, दामिनी यादव थाना तोरवा, सफीना बानो, निवासी लालखदान, महमंद, संतोष कुमार सूर्यवंशी, निवासी ग्राम महमंद, रंजीत कुमार चतुर्वेदी, निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सदा, सुनीता सोनवानी, निवासी ग्राम कुआं, आरक्षक रामकुमार पाटनवार, आरक्षक रामेश्वर भास्कर शामिल है।

# तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को मारी टक्कर, नाइट ड्यूटी जा रहे बीएसपी ठेका कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**दुर्ग, 21 जुलाई (हाईवे चैनल)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के एक ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सेंट्रल एवेन्यू मार्ग पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार हाईवा ने पीछे से बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान श्याम राव के रूप में हुई है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका कर्मी के तौर पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि वे अपनी नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में ही दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए।

**मरोदा से लौट रहे थे तीनों युवक**

जानकारी के अनुसार श्याम राव अपने दो परिचितों के साथ मरोदा स्थित ससुराल से खुर्सीपार स्थित निवास लौट रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक सेंट्रल एवेन्यू के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उन्हें टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्याम राव बाइक से




**बाइक सवार 2 अन्य घायल**

उछलकर सड़क पर गिर गए और हाईवा उन्हें लगभग 50 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**दो घायलों का, अस्पताल में उपचार जारी**

हादसे में बाइक पर सवार दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें लगातार निगरानी में रखा गया है।

**हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार:** हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

पुलिस ने मौके पर आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और परिचित अस्पताल पहुंच गए, जहां शोक का माहौल बन गया। भिलाई नगर थाना पुलिस ने फरार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और दुर्घटना कारित करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तेज बारिश के बाद भी कांग्रेसियों का उत्साह नहीं हुआ कम, बेरिकेट्स फांदकर पहुंचे निगम गेट तक, किया विरोध

**धमतरी, 21 जुलाई (हाईवे चैनल)।** नगर निगम के डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में भ्रष्टाचार ,कमीशन खोरी और बदहाली के आरोप लगाकार निगम कांग्रेस पार्षद दल द्वारा आज निगम घेराव का आव्हान किया गया। जिसमें कांग्रेसी सफल भी हुए। ज्ञात हो कि आज सुबह से बारिश का दौर जारी रहा। कांग्रेसी घड़ी चौक से बरसते पानी के बीच पद यात्रा करते हुए रैली के रुप में निगम कार्यालय के समीप पहुंचे जहां पुलिस द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से निगम के सभी पहुंच मार्ग पर बेरिकेट्स लगा दिया गया। कांग्रेसी जैन मंदिर इतवारी बाजार की ओर से निगम घेराव करने पहुंचे। लेकिन बेरिकेट्स व पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान जमकर नारे बाजी की गई और कुछ ही दे में कांग्रेसियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया और वे बेरिकेट्स फांद कर निगम गेट तक पहुंच गया। निगम के गेट पर धरने पर बैठ गये और महापौर व भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी करने लगे। निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा ने बाहर आकर कांग्रेसियों से चर्चा करने का प्रयास किया।








**भ्रष्टाचार-कमीशनखोरी और बदहाली के खिलाफ कांग्रेस पार्षद दल द्वारा किया गया निगम का घेराव**

तारिणी चन्द्राकर सहित कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि इस कार्यकाल में जनता के पैसों का खुलेआम दुरुपयोग कर रिक्शा खरीदी घोटाला , बेलिंग मशीन घोटाला, टिप्पर झचैन माउंटेन घोटाला ,डीजल घोटाला हुए है । पट्टा विहीन परिवारों को पट्टा प्रदान कर आवास योजना का लाभ देंने का चुनावी वादा कर ये निगम की सत्ता में काबिज हुए है किंतु आज डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद न पट्टा मिला न आवास योजना का लाभ मिल पा रहा है । पी.एम आवास के रुके किस्त के लिए हितग्राहियों को 6 माह तक भटकना पड़ रहा है । वृद्धा-विधवा पेंशन के हितग्राहियों को कभी के वाय सी के नाम से तो कभी आधार कार्ड,बैंक पास बुक अपडेट के नाम से घुमाया जा रहा है इन डेढ़ वर्षों में वार्डो के विकास कार्य रुक गए कोई भी विकास नहीं किया जा रहा है । हाल ये है कि निगम दो टाइम का साफ पानी भी नहीं दे पा रहा है आये दिन पानी की समस्या बनी रहती जिसका कोई स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है । शहर की सड़के बदहाल है आम जनता का चलना दुभर हो गया है स्थिति इतनी गंभीर है कि ये निगम कार्यालय के सामने की सड़क नहीं बना पा रहे है अंबेडकर चौक से टिकरापारा रोड नेशनल हाईवे 30 की लाइटे बंद है वार्डो की स्ट्रीट लाईटे का क्या हाल होगा शीतलापारा वार्ड में पिछले एक महीने से लाइट बंद है जिसका सुधार अब तक नहीं हो पा रहा है । ये निगम जनता को मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रही है। निगम घेराव के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना पूर्व महापौर विजय देवागन, आनंद पवार, कविता योगेश बाबर, आकाश गोलछा, गौतम वाधवान, योगेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र (विशु) देवांगन, पार्षद योगेश लाल,पूर्णिमा गजानंद रजक, राजेश पाण्डेय, सूरज गहरवाल,सुमन सोमेश मेश्राम,उमा भागी ध्रुव, राजा देवांगन, सलीम रोकड़िया, यश राजपुत, प्रवीण साहू, शैलेन्द्र देवान, चंदन रजक, गीतराम सिन्हा, राकेश मौर्य, अजय वर्मा, आशुतोष खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस हैं मुद्दा विहीन, जनता के बींच बने रहने कर रही विरोध व घेराव की राजनीतिः महापौर रामू रोहरा

कांग्रेस द्वारा आज किये गए निगम घेराव के मुद्दे पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि कांग्रेस मुद्दा विहीन हैँ ऐसे मे जनता के बींच बने रहने के लिए कोई न कोई तरीका अपना कर जनता को गुमराह करने का प्रयास करती रहती हैँ लेकिन जनता कांग्रेस के झांसे मे नहीं आएगी. कांग्रेस जो वर्तमान निगम कार्यकाल मे भ्रष्टाचार कमीशन खोरी और बदहाली का आरोप लगा रही हैँ. सभी आरोप बेबुनियाद हैँ उन्हें पहले अपने गिरेबान मे देखना चाहिए. निगम मे कांग्रेस का पिछला कार्यकाल पूरी तरह असफल रहा था. जनता बुनियादी सुविधाओ के लिए तरसती रही. विकास शून्य रहा. अब ज़ब साय सरकार ने धमतरी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा हैँ तो यह कांग्रेसियों को पच नहीं रहा हैँ. और विकास में राजनितिक फायदे के लिए रोड़ा अटकाने का प्रयास कर रहे हैँ. लेकिन धमतरी का विकास अब थमेगा नहीं।



CMYK